2018-19

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)

*E-mail ID – collegedgg@gmail.com , Website – www.gnpgcollege.com ☎: 07823-233885*

**Accredited by NAAC with Grade "B" (CGPA – 2.21)**

## वार्षिक मिलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह – 30 जनवरी 2019

## वार्षिक प्रतिवेदन

इस महाविद्यालय की स्थापना नगर के दानदाताओं के अथक प्रयास से निजी महाविद्यालय के रूप में स्नातक स्तर पर वाणिज्य एवं कला संकाय के साथ हुई। इस महाविद्यालय को शासन के अधीन वर्ष 1973 में आधिपत्य किया गया। महाविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में अध्यापन कार्य का आरम्भ महाविद्यालय के स्थापना वर्ष 1964 से ही किया जा रहा है। वर्तमान में इस महाविद्यालय में तीन संकाय कला, वाणिज्य एवं विज्ञान में अध्यापन कार्य संचालित है एवं दस विषयों जैसे – राजनीति विज्ञान, हिन्दी साहित्य, अर्थशास्त्र, इतिहास, गणित, भूगोल, अंग्रेजी साहित्य, भौतिकी, प्राणीविज्ञान, एवं वाणिज्य में स्नातकोत्तर की कक्षाऐं संचालित की जा रही है। साथ ही यहा तकनीकी कोर्स के अंतर्गत पी.जी.डी.सी.ए. का अध्यापन कार्य 2013 से संचालित है। वर्तमान सत्र् में स्नातक स्तर पर 1322 एवं स्नातकोत्तर स्तर पर 271 छात्र–छात्राओं सहित कुल 1593 छात्र–छात्राऐं अध्ययनरत है। महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर–शैक्षणिक गतिविधियों की जॉच एवं मूल्यांकन हेतु यू. जी.सी. की स्वायत संस्था (NAAC) नैक द्वारा 2015 में मूल्यांकन किया गया जिसमें महाविद्यालय को CGPA 2.21 अंक के साथ ग्रेड B प्रदाय किया गया। वर्तमान में महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ में 10 प्राध्यापक, 19 सहायक प्राध्यापक एवं गैर शैक्षणिक स्टॉफ में एक क्रीड़ा अधिकारी, एक ग्रंथपाल का पद स्वीकृत है। जिसमें से वर्तमान में प्राध्यापक के पूरे 10 पद तथा स्वीकृत 19 सहायक प्राध्यापक में से 12 पद रिक्त है। छात्रों की पठन–पाठन में सुविधा हेतु इन रिक्त पदो के विरूद्ध अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति कर अध्यापन कार्य संचालित किया जा रहा है। इस महाविद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्रों के लिये रजत पदक हेतु दस हजार रूपये दान स्वरूप प्रदान किए गए है जिनकी ब्याज की राशि से रजत पदक प्रदान किए जाते है। दानदाता निम्नलिखित है –

| क्र. | दानदाताओं के नाम | स्मृति में |
|---|---|---|
| 1 | श्री रामजी भारती जी , पूर्व विधायक डोंगरगढ़ | पिता– स्व.एस.डी. भारती जी |
| 2 | श्री हरजीत सिंग अरोरा जी , अध्यक्ष सिक्ख समाज | पिता – स्व. श्री देशराज सिंह अरोरा जी |
| 3 | श्री रमेश ठाकुर नोटरी एवं अधिवक्ता | पत्नी– स्व. डॉ. जे.के. ठाकुर (सहा.प्राध्यापक–वाणिज्य) |
| 4 | डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती, विभागाध्यक्ष वाणिज्य | पिता – स्व. एन.बलराम मूर्ति जी |
| 5 | डॉ. श्रीमती अलका मेश्राम, प्राचार्य | भाई–स्व. प्रमोद कुमार खांडेकर जी |
| 6 | श्री शशिकांत द्विवेदी जी | पिता– स्व.राज्यप्रताप द्विवेदी जी |
| 7 | श्री सुरेन्द्र सिंग बन्नौआना जी | माता– स्व. गुरूवचन कौर बन्नौआना जी |
| 8 | श्री सुनील जैन जी | माता – स्व.शांति बाई जैन जी |

सत्र 2017–18 में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त करने वालो में छात्रा कु.सिमरन कौर भाटिया एम. एस.सी. भौतिकी 77% , कु. आरिफा फिरदौस बीए भाग तीन (बायो) 73.77% , जयसिंग ठाकुर एम.कॉम. 67.7%, कु. त्रिवेणी भारती एम.ए. भूगोल 66.05 %, कु. त्रिलोका बी.ए. अंतिम 63.5% , तुलेश्वर देवांगन बीएससी गणित 63.38% , कु. पूजा ठाकुर एम.एस.सी. प्राणी शास्त्र 63.9% , कु. कविता मेश्राम एम.ए.हिन्दी 61.56%, शामिल है।

सत्र 2016–17 में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की प्रवीण्य सूची विलंब से जारी हुआ । महाविद्यालय के एम.ए. इतिहास का छात्र श्याम लाल पटेल ने प्रवीण्य सूची में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवांवित किया है। अतः महाविद्यालय की ओर से छात्र को रजत पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा है।

मैं इस बात में यकीन करता हूँ कि उच्च शिक्षा समाज में सकारात्मक बदलाव तथा प्रगति का एक सशक्त माध्यम है। हमारा प्रयास है कि इस महाविद्यालय के विद्यार्थी सफलता की बुलंदियाँ छुएँ, अनुशासित जीवन जीएँ तथा नैतिक रूप से सबल रहें। मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि हमारे छात्र–छात्राऐं शिक्षा, अनुशासन तथा नैतिकता के ऊँचे आदर्शो से प्रेरित हों और अपना, अपने परिवार, समाज, देश व सम्पूर्ण विश्व के विकास में अपना योगदान दें। इस हेतु महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के अतिरिक्त गैर शैक्षणिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाता है। गैर–शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत खेलकूद, एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. की इकाई भी महाविद्यालय के आरंभिक काल से संचालित है।

इस वर्ष क्रीड़ा विभाग द्वारा खेलकूद गतिवधियों के अंतर्गत जिला स्तर पर कुल 160 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें 100 छात्र एवं 60 छात्राऐं सम्मिलित रही। इस महाविद्यालय से राज्य स्तर पर कुल 32 छात्र–छात्राऐं एवं विश्वविद्यालय स्तर पर कुल 06 छात्र–छात्राओं – रमन साहू एम.ए. – टेबल टेनिस रायपुर , कु. जुहिता परमार, पीजीडीसीए – बेटमिंटन भुवनेश्वर उड़िसा, हेमंत कुमार (बीए भाग एक) – फुटबाल भुनेश्वर उडिसा, निखिल कुमार बीए भाग एक भुवने श्वर उड़िसा, दीपक ठाकुर बीए भाग एक कबड्डी बिलासपुर में भाग लेकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस सत्र में महाविद्यालय द्वारा सेक्टर लेवल क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया है।

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा वृक्षारोपण, नवरात्री मेले में स्वच्छता–स्वास्थ्य संदेश देने के लिए तथा मंदिर परिसर में स्टॉल, विकासखंड डोंगरगढ़ के 70 ग्राम पंचायतों में घर–घर पहुचकर शौचालय सत्यापन कार्य, एवं कैशलैश ट्राजेक्शन कार्यशाला का आयोजन देना बैंक के अधिकारियों के साथ मिलकर किया गया। ग्राम बछेराभाठा के वृद्धाश्रम में साल, साडी का वितरण किया गया। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हेतु रैली, निबंध प्रतियोगिता एवं प्रेरक नारो का आयोजन किया गया। इसके अलावा केन्द्र शासन की महिला शक्ति केन्द्र योजना के माध्यम से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार डोंगरगढ़ विकासखंडों के पंचायतों में किया गया।

महाविद्यालय की एनसीसी ईकाई द्वारा महाविद्यालय के सौंदर्यीकरण हेतु वृक्षारोपण एवं राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ–सफाई पौधों में पानी सिंचाई कार्य, स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, ग्राम बछेंराभाठा के जीवन आनंद वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को साल, साड़ी वितरण , वृद्धजनों की जीवनचर्या की जानकारी, इसके अतिरिक्त केडेटस अपने आत्मविश्वास बढाने के लिए पैरासिलिंग कार्यक्रम में भाग लिए। महाविद्यालय के एनसीसी ईकाई से पांच कैडेट्स एन.आई.सी. कैम्प एवं पांच कैडेट्स आर्मी अटैचमेंट कैंम्प हेतु चयन किए गए।

पुस्तके मनुष्य की सर्वाधिक विश्वसनीय एवं सर्वश्रेष्ठ मित्र है। इसमें वह शक्ति है तो मनुष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है तथा कठिन समस्याओं के निदान के लिए बल प्रदान करती है। ग्रंथालय किसी भी महाविद्यालय की आत्मा होती है। महाविद्यालय के ग्रंथागार में वर्तमान में 29600 पुस्तकें एवं कई संदर्भ ग्रंथ है। महाविद्यालय में 10 विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाऐं संचालित है जिसमें प्रत्येक विषय हेतु विभागीय ग्रंथालय है। सत्र 2018–19 में विभिन्न मदों से क्रय की गई पुस्तकों की संख्या 30790 है।

बी.पी.एल. योजना के तहत निर्धन छात्र – छात्राओं को पूरे सत्र भर पुस्तकें निर्गमित की जाती है। पुस्तकालय के वाचनालय में 4 दैनिक समाचार पत्र एवं 14 पत्र–पत्रिकाऐं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तके एवं पत्रिकाओं का लाभ प्रदान किया जाता है।

महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा अपने विषय से संबंधित अकादमिक गतिविधियॉ जैसे कार्यशाला, निबंध प्रतियोगिता, परिचर्चा, प्रश्नमंच आदि भी वर्षभर संचालित की गई है।

Principal,
Govt. Neharu P. G. Coll
Dongargarh (C.G

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## डोंगरगढ़, जिला राजनांदगॉव (छ.ग.)

E-mail ID – collegedgg@gmail.com , Website – www.gnpgcollege.com ☎: 07823-233885
Accredited by NAAC with Grade "B" (CGPA – 2.21)


## वार्षिक मिलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह – 29 फरवरी 2020

## वार्षिक प्रतिवेदन

इस महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 1964 में नगर के दानदाताओं के अथक प्रयास से निजी महाविद्यालय के रूप में स्नातक स्तर पर वाणिज्य एवं कला संकाय के साथ हुई। इस महाविद्यालय को शासन के अधीन वर्ष 1973 में आधिपत्य किया गया। महाविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में अध्यापन कार्य का आरम्भ महाविद्यालय के स्थापना वर्ष से ही किया जा रहा है। वर्तमान में इस महाविद्यालय में तीन संकाय कला, वाणिज्य एवं विज्ञान में अध्यापन कार्य संचालित है एवं 10 विषयों जैसे राजनीति विज्ञान, हिन्दी साहित्य, अर्थशास्त्र, इतिहास, भूगोल, अंग्रेजी साहित्य, भौतिकी, प्राणीविज्ञान, गणित, गणित एवं वाणिज्य में स्नातकोत्तर की कक्षाऐं संचालित की जा रही है। साथ ही यहा तकनीकी कोर्स के अंतर्गत पी.जी.डी.सी.ए. का अध्यापन कार्य वर्ष 2013 से संचालित है। वर्तमान सत्र में स्नातक स्तर पर 1315 एवं स्नातकोत्तर स्तर पर 323 छात्र–छात्राओं सहित कुल 1638 छात्र–छात्राऐं अध्ययनरत है। जिसमें 918 छात्राएं अध्ययनरत है। महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर–शैक्षणिक गतिविधियों की जॉच एवं मूल्यांकन हेतु यू.जी.सी. की स्वायत संस्था (NAAC) नैक द्वारा 2015 में मूल्यांकन किया गया जिसमें महाविद्यालय को CGPA 2.21 अंक के साथ ग्रेड B प्रदाय किया गया। वर्तमान में महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ में 10 प्राध्यापक, 19 सहायक प्राध्यापक एवं गैर शैक्षणिक स्टॉफ में एक क्रीड़ा अधिकारी, एक ग्रंथपाल का पद स्वीकृत है। जिसमें से वर्तमान में प्राध्यापक के पूरे 10 पद तथा स्वीकृत 19 सहायक प्राध्यापक में से 13 पद एवं क्रीड़ा अधिकारी का 1 पद रिक्त है। छात्रों की पठन–पाठन में सुविधा हेतु इन रिक्त पदो के विरूद्ध अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति कर अध्यापन कार्य संचालित किया जा रहा है। इस महाविद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्रों के लिये रजत पदक हेतु दस हजार रूपये दान स्वरूप प्रदान किए गए है जिनकी ब्याज की राशि से रजत पदक प्रदान किए जाते है। दानदाता निम्नलिखित है –

दानदाताओं की श्रृंखला में इस वर्ष और भी नाम जुडे है जिन्होनें महाविद्यालय को दान स्वरूप 10 हजार रूपये

| क्र. | दानदाताओं के नाम | स्मृति में |
|---|---|---|
| 1 | श्री रामजी भारती जी , पूर्व विधायक डोंगरगढ़ | पिता– स्व.एस.डी. भारती जी |
| 2 | श्री हरजीत सिंग अरोरा जी , अध्यक्ष सिक्ख समाज | पिता – स्व. श्री देशराज सिंह अरोरा जी |
| 3 | श्री रमेश ठाकुर नोटरी एवं अधिवक्ता | पत्नी– स्व. डॉ. जे.के. ठाकुर (सहा.प्राध्यापक–वाणिज्य) |
| 4 | डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती, विभागाध्यक्ष वाणिज्य | पिता – स्व. एन.बलराम मूर्ति जी |
| 5 | डॉ. श्रीमती अलका मेश्राम, प्राचार्य | भाई–स्व. प्रमोद कुमार खांडेकर जी |
| 6 | श्री शशिकांत द्विवेदी जी | पिता– स्व.राज्यप्रताप द्विवेदी जी |
| 7 | श्री सुरेन्द्र सिंग बन्नौआना जी | माता– स्व. गुरूवचन कौर बन्नौआना जी |
| 8 | श्री सुनील जैन जी | माता – स्व.शांति बाई जैन जी |

प्रदान किये है –

| क्र. | दानदाता | स्मृति |
|---|---|---|
| 1 | डॉ.के.एल.टाण्डेकर, प्राचार्य | माता जी – स्व. सुमित्रा टाण्डेकर |
| 2 | डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर | पिताजी – स्व. दयाराम जाम्बुलकर |
| 3 | डॉ. श्रीमती आशा चौधरी | माताजी – स्व. नगीना देवी चौधरी |
| 4 | श्री समरजीत मुखर्जी | पत्नी – स्व. श्रीमती शरबानी मुखर्जी |

सत्र 2017–18 में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की प्रवीण्य सूची में एम.एस.सी. भौतिकी में कु. रि 76.48 प्रतिशत प्रथम स्थान, कु. ऋतु देवांगन 74.08 प्रतिशत चतुर्थ स्थान, कु. नेहा सनोदिया 72.5 प्रतिशत आठवा, दूबे 71.25 प्रतिशत नौवा स्थान तथा एम.ए. इतिहास में नागेश कुमार ने 64.06 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त कि तथा सत्र 2018–19 में एम.कॉम. एवं एम.एस.सी. भौतिकी में प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को पदक से सम्मानित किया जा रहा है। इसी प्रकार सत्र 2018–19 में एम.एस.सी. भौतिक में कु. नितिशा कमाले 75.67 प्रतिश चतुर्थ स्थान, कु. नमिता निषाद 70.92 प्रतिशत नौवा स्थान तथा एम.कॉम में कु. ट्विकल अग्रवाल 74 प्रतिशत तृतीय स्थान, सुरेश कुमार वर्मा 72.15 प्रतिशत चतुर्थ स्थान, कु. रमनदीप कौर भाटिया 71 प्रतिशत के साथ प्रवीण्य सूची में आठवा स्थान प्राप्त किया। इन सभी छात्र–छात्राओं ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय एवं नगर का नाम रोशन किया है।

महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्रा ग्रुषारानी जंघेल ने एडवेंचर लीडर ट्रेकिंग कोर्स शिमला में –8 डिग्री सेल्सियस 8750 फिट उंची चोटी शिमला में फतेह किया एवं 50 किमी ट्रेकिंग किया। साथ ही जुमारिंग, रेपलिंग, रिवरक्रासिंग जिपलाइन व अन्य सभी आपातकालीन परिस्थियों का सामना करने के लिए ट्रेनिंग माउंटेनर के रूप में 2019 में 26 जनवरी को पूरा किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला व एडवेंचर लीडर (नेशनल व स्टेट) के रूप में बनाया गया। जिसमें ग्रुषारानी ने फिजीकल व रिर्टन परीक्षा माइनस 8 डिग्री में रहकर ए–ग्रेड के साथ उत्तीर्ण की। साथ ही महिलाओं के लिए किये जा रहे सामाजिक कार्य व रक्तदान के क्षेत्र में निःशुल्क शिक्षा के तहत नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया।

मैं इस बात में यकीन करता हूँ कि उच्च शिक्षा समाज में सकारात्मक बदलाव तथा प्रगति का एक सशक्त माध्यम है। हमारा प्रयास है कि इस महाविद्यालय के विद्यार्थी सफलता की बुलंदियाँ छुएँ, अनुशासित जीवन जीएँ तथा नैतिक रूप से सबल रहें। मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि हमारे छात्र–छात्राऐं शिक्षा, अनुशासन तथा नैतिकता के ऊँचे आदर्शो से प्रेरित हों और अपना, अपने परिवार, समाज, देश व सम्पूर्ण विश्व के विकास में अपना योगदान दें। इस हेतु महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के अतिरिक्त गैर शैक्षणिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाता है। गैर–शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत खेलकूद, एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. की इकाई भी महाविद्यालय के आरंभिक काल से संचालित है।

गृह विज्ञान विभाग द्वारा महाविद्यालय की 75 छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 90 दिवसीय ब्यूटी पार्लर एवं मेंहदी का प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार आत्मरक्षा हेतु महिला प्रकोष्ठ द्वारा दो दिवसीय आत्मरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें प्रशिक्षक मुकेश साहू द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सीखायें गए।

इस वर्ष क्रीड़ा विभाग द्वारा खेलकूद गतिवधियों के अंतर्गत जिला स्तर पर कुल 103 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। इस महाविद्यालय से राज्य स्तर पर कुल 28 छात्र–छात्राऐं एवं विश्वविद्यालय स्तर पर कुल 06 छात्र–छात्राओं – रमन साहू एम.ए. अर्थशास्त्र शतरंज उड़िसा, महेश सिन्हा बीकाम भाग दो शतरंज उड़िसा , अमिश मरकाम – बीए भाग एक फुटबाल उडिसा, धनु वर्मा बी.काम. भाग एक – फुटबाल उडिसा, वैभव चौधरी बी.काम. भाग एक – कबड्डी उडिसा, ओम कुमार ने कबड्डी उडिसा में भाग लेकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया है।

वाणिज्य विभाग द्वारा 6 नवम्बर 2019 को शोध प्रविधि विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न जिलो के महाविद्यालयों से विषय विशेषज्ञ, प्राध्याकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित हुए। स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए 3 दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर के अंतर्गत छात्र–छात्राओं को उद्यमिता जागरूकता केन्द्र राजनांदगांव द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय निःशुल्क उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन उद्यमिता जागरूकता विकास केन्द्र के सौजन्य से किया गया।

रेडक्रास के अंतर्गत महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन आशीर्वाद ब्लड बैंक के सहयोग से माननीय नवाज खान, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ जिसमें लगभग 60 से अधिक छात्र–छात्राओं ने रक्तदान किया।

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा प्लास्टिक प्रतिबंध पर एक दिवसीय एक दिवसीय कार्यशाला , ग्राम कल्याणपुर में जल संरक्षण पर जनजागरूकता रैली, साफ–सफाई कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय को स्वच्छता के लिए तृतीय स्थान प्राप्त हुआ । साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ग्राम कलकसा में 7 दिवसीय विशेष शिविर लगाया गया जिसमें छत्तीगढ़ के चार चिन्हारी नरवा, गरवा, घुरवा बाडी पर ग्रामीणों से चर्चा, 6 जनवरी को स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाईयां वितरण, छात्र–छात्राओं द्वारा स्कूली बच्चों की कक्षा सहित खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हेतु रैली, निबंध प्रतियोगिता एवं प्रेरक नारो का आयोजन किया गया। इसके अलावा केन्द्र शासन की महिला शक्ति केन्द्र योजना के माध्यम से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार डोंगरगढ़ विकासखंडों के पंचायतों में किया गया।

हाविद्यालय की एनसीसी ईकाई द्वारा महाविद्यालय के सौंदर्यीकरण हेतु वृक्षारोपण एवं राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के साफ–सफाई पौधों में पानी सिंचाई कार्य एवं गोदग्राम अछोली के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की हाथ धुलाई कर को स्वच्छता के प्रति जागरूक किये। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, महाविद्यालय के सीसी ईकाई से दो कैडेट्स एन.आई.सी. कैम्प पेडापुरम आंध्रप्रदेश एवं एक कैडेट्स थल सेना कैम्प बिलासपुर में चयनित होकर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। इसी प्रकार एन.सी.सी.के 10 कैडेट्स ने रक्तदान कर सामाजिक सेवा के प्रति प्रेरणादायी संवेदना व्यक्त की है। शासन द्वारा संचालित महिला शक्ति योजना के अंतर्गत एन.सी.सी.कैडैट्स ने शासन की योजना को प्रचारित एवं प्रसारित करने ग्रामीण सर्वे किये है। कैडेट्स ने देश के एतिहासिक महापुरूषों के प्रति सम्मान एवं आदर प्रदर्शित करने महापुरूषों की प्रतिमा की सफाई, धूलाई कार्य किये गए है। इसी प्रकार एनसीसी कैडेट्स द्वारा राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रतीक पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर नगर में एकता रैली निकाली गई।

पुस्तके मनुष्य की सर्वाधिक विश्वसनीय एवं सर्वश्रेष्ठ मित्र है। इसमें वह शक्ति है तो मनुष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है तथा कठिन समस्याओं के निदान के लिए बल प्रदान करती है। ग्रंथालय किसी भी महाविद्यालय की आत्मा होती है। महाविद्यालय के ग्रंथागार में वर्तमान में 37775 पुस्तकें एवं कई संदर्भ ग्रंथ है। महाविद्यालय में 10 विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाऐं संचालित है जिसमें प्रत्येक विषय हेतु विभागीय ग्रंथालय है।

बी.पी.एल. योजना के तहत निर्धन छात्र – छात्राओं को पूरे सत्र भर पुस्तकें निर्गमित की जाती है। पुस्तकालय के वाचनालय में 8 दैनिक समाचार पत्र एवं 12 पत्र–पत्रिकाऐं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तके एवं पत्रिकाओं का लाभ प्रदान किया जाता है।

महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा अपने विषय से संबंधित अकादमिक गतिविधयॉ जैसे कार्यशाला, निबंध प्रतियोगिता, परिचर्चा, प्रश्नमंच आदि भी वर्षभर संचालित की गई है।